दिनांक : 16.02.2025 समय : 2.10 पीएम

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़

रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक नरसिंह देव और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त पंकज गंगवार कल रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की जांच के लिए गठित समिति का हिस्सा होंगे। समिति ने जांच के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की पूरी वीडियो फुटेज मांगी है। उत्तर रेलवे ने इस घटना में मारे गये लोगों के परिजनों को दस-दस लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को ढाई-ढाई लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों को एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना में मारे गए बिहारवासियों के निकट संबंधी को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इस बीच, भगदड की इस घटना में मरने वाले लोगों की संख्या 18 हो गई है। मृतकों में 11 महिलाएं और पांच बच्चे हैं। कई लोग घायल भी हैं। भगदड़ से पहले, स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ थी।घायलों को नई दिल्ली के लोक नारायण जयप्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के हेल्पलाइन नम्बर हैं- 9873 - 6170 - 28 और 011-2350- 1207। घटना पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रेलमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री ने शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल दौरा

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज से ग्वालियर एवं श्योपुर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर है। राज्यपाल पटेल इन दिनों में यहां विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। राज्यपाल कराहल और पनवाड़ा में बच्चों के साथ संवाद करेंगे। इसी क्रम में वे सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ वितरित कर उनसे चर्चा करेंगे।

राज्पाल दोपहर में ग्राम उमरीकलां पहुँचकर पीएम जनमन आवास का लोकार्पण करेंगे और हितग्राहियों के साथ संवाद करेंगे। वहीं राज्पाल का कल ग्वालियर जिले के ग्राम छीमक में मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत हितग्राहियों को पशु आहार वितरित करेंगे। राज्यपाल ग्राम चैत में पीएम जनमन आवासों का अवलोकन करेंगे।

फिट इंडिया

केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने आज मुबंई में गेटवे ऑफ इंडिया से गिरगांव चौपाटी तक 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री मंडाविया ने कहा, "फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाने के लिए संडे ऑन साइकिल पूरे देश में आयोजित हो रही है।

पीएससी परीक्षा

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर दो सत्रों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग के लिए निरीक्षण दलों का गठित किया गया है। यह दल परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का निरंतर भ्रमण कर निरीक्षण करेंगे। यह परीक्षा 18 विभागों के 158 प्रशासनिक पदों पर भर्ती के लिए हो रही है।

मुख्यमंत्री उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज सुबह उज्जैन स्थित भगवान श्री अंगारेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि 84 महादेव में से एक, यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है। पूजा के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ सेवा की।

समाचार संक्षेप में .....

S महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के तीसरे मैच में आज गुजरात जाएंट्स का मुकाबला यूपी वारियर्स से होगा। यह मैच वडोडरा में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

s केन्द्रीय पंचायती तथा मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह कल आगरमालवा पहुंचे। यहां उन्होंने पीताम्बरा सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की।

बालाघाट के वारासिवनी में ग्राम सिवनी समेत अन्य गांवों के खसरों पर बनी अनाधिकृत कॉलोनी की रजिस्ट्री पर लगी रोक को हटा दिया गया है। एसडीएम वारासिवनी आरआर पांडे ने इस संबंध में उप पंजीयक पत्र लिखा था।